प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 शनिवार दिनांक 18.10.2025

मुख्य समाचारः–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश से नक्सलवाद और माओवादी हिंसा जल्द ही पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

- आदि कर्मयोगी अभियान और प्रधानमंत्री जन–मन योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य' के रूप में किया गया सम्मानित।

- राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने प्रदेश के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में चिकित्सा स्नातकोत्तर की इकसठ नई सीटों की दी स्वीकृति।

- आज पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है धनतेरस का त्यौहार।

<u>प्रधानमंत्री–नक्सलवाद</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश से नक्सलवाद और माओवादी हिंसा जल्द ही पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। कल नई दिल्ली में एक वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में माओवादी आतंकवाद से निपटने के लिए ठोस प्रयास किए गए हैं।

11 वर्ष पहले तक देश के सवा सौ जिले 1225 से ज्यादा माओवादी आतंक से प्रभावित थे और साथियों आज यह संख्या सिर्फ 11 जिलों तक सिमट गई। आप जानते होंगे कितना कुछ करना पड़ा होगा और उसमें भी

11 में भी अब सिर्फ तीन जिले ही ऐसे बचे हैं, जो सबसे अधिक माओवादी आतंक की चपेट में है मैं आपको पिछले 75 घंटो का आंकड़ा देता हूं। इन 75 घंटे में 303 नक्सलियों ने सरेंडर किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक में हजारों नक्सलियों ने हिंसा का मार्ग छोड़कर आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि इस दीपावाली माओवादी आतंकवाद से मुक्त क्षेत्र नये उत्साह के साथ खुशियों के दीप जलाकर उत्सव मनाएंगे।

जीएसटी बचत उत्सव

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा है कि जीएसटी सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया है। इसी कारण त्योहार के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री हुई है। नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ जीएसटी बचत उत्सव पर संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्रीमती सीतारमन ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम आदमी तक पहुंच रहा है।

इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष नवरात्रि उत्सव में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले नवरात्रि त्योहार की तुलना में इस वर्ष नवरात्रि सीजन में इलेक्ट्रॉनिक्स की बिक्री में पच्चीस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम हो रही हैं।

नेचुरल वे में कंजप्शन हर साल बढ़ता है। एज इनकम ग्रोथ एज कंट्री ग्रोथ बिकॉज़ ऑफ़ द जीएसटी रिफॉर्म्स कंजप्शन विल बी सिग्नीफिकेंटली इंक्रीजिंग एंड क्वाइट लाइक्ली इट्स वेरी लाइक्ली देन कंजप्शन वैल इंक्रीज मोर देन 10 प्रतिशत थिस ईयर विच मिंस 20 लाख करो रूप का एक्स्ट्रा कंजप्शन होने की पूरी संभावना है।

जीएसटी–विशेष कार्यक्रम

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा जीएसटी सुधारों पर विशेष कार्यक्रम का प्रसारण कल रविवार उन्नीस अक्टूबर को सुबह नौ बजकर पचपन मिनट पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र एक साथ रिले करेंगे।

छत्तीसगढ़–सम्मान

आदि कर्मयोगी अभियान और प्रधानमंत्री जन–मन योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य' के रूप में सम्मानित किया गया है। कल नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह सम्मान प्रदान किया। राज्य सरकार की ओर से प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने यह सम्मान प्राप्त किया। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत मोहला–मानपुर, बालोद, दंतेवाड़ा और धमतरी जिले को 'स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड' दिया गया। वहीं, कोरिया जिले को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जनजाति विभाग के राज्य प्रशिक्षण ललित शुक्ला को व्यक्तिगत श्रेणी में पुरस्कृत किया गया।

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने सभी विभागीय अधिकारियों और फील्ड टीम को बधाई दी है।

उपाध्यक्ष / अध्यक्ष–नियुक्ति

राज्य सरकार ने अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा को अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इससे पहले, आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब इस प्राधिकरण के उपाध्यक्ष थे, लेकिन उनके मंत्री बनने के बाद से यह पद रिक्त था।

वहीं, राज्य शासन ने एक अन्य आदेश में रायपुर निवासी मोना सेन को छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम का अध्यक्ष नामांकित किया है।

माओवादी गिरफ्तार

कोंडागांव जिले में आज एक लाख रूपये के इनामी माओवादी ने आत्मसमर्पण किया है। यह माओवादी पूर्वी बस्तर डिवीजन के तहत आमदई एलओएस सदस्य के पद पर लंबे समय से सक्रिय था। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी को राज्य सरकार की नई पुनर्वास नीति के तहत पचास हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

चिकित्सा शिक्षा–सीट स्वीकृति

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग–एनएमसी ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में चिकित्सा स्नातकोत्तर की इकसठ नई सीटों की स्वीकृति दी है। इसके साथ ही प्रदेश में शासकीय मेडिकल पीजी सीटों की संख्या तीन सौ सोलह से बढ़कर तीन सौ सतहत्तर हो गई है। वहीं, निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में एक सौ छियासी सीटें हैं।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की आयुक्त शिक्षा राजपूत तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर में इक्कीस, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में सात, स्वर्गीय बलिराम कश्यप स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर में आठ, स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा

महाविद्यालय रायगढ़ में बारह और स्वर्गीय बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में तेरह सीटों की स्वीकृत दी गई है।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसे चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि नई पीजी सीटों की स्वीकृति से प्रदेश में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं जनता तक पहुंचेंगी।

मुख्यमंत्री—कांकेर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में आयोजित सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के तेरहवें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नब्बे करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जिले के प्रत्येक विकासखंड में पचास—पचास लाख रुपये की लागत से एक—एक सामुदायिक भवन के निर्माण तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की सीटों में वृद्धि करने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार पिछड़ा वर्ग के विकास और हितों को लेकर संवेदनशील और प्रतिबद्ध है।

हाईकोर्ट—याचिका खारिज

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की याचिका खारिज कर दी है। चैतन्य बघेल ने प्रवर्तन निदेशालय—ईडी द्वारा शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बीते अट्ठारह जुलाई को अपनी गिरफ्तारी और रिमांड आदेशों को असंवैधानिक बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस समय चैतन्य बघेल केंद्रीय जेल रायपुर में न्यायिक हिरासत में हैं।

वहीं, हाईकोर्ट ने करीब उन्नीस लाख रूपये की साइबर ठगी के मामले में आरोपी रायपुर निवासी तुषार अग्रवाल द्वारा दायर जमानत याचिका को भी खारिज कर दिया है। आज इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की सिंगल बेंच में हुई। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए ट्रायल कोर्ट को जल्द सुनवाई पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

खेल प्रतियोगिता

बिलासपुर में आयोजित पच्चीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी संभागों के एक हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान बेसबॉल, कबड्डी और कराते की प्रतियोगिताएं हुईं। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू शामिल हुए और उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

वहीं, कोरबा जिले में बारह से पंद्रह अक्टूबर तक आयोजित पच्चीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बीजापुर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पच्चीस पदक हासिल किए हैं। खिलाड़ियों ने स्वीमिंग सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में दस स्वर्ण, दस रजत और पांच कांस्य पदक जीते और ओवरऑल दूसरा स्थान प्राप्त किया।

धनतेरस

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में धनतेरस का त्यौहार आज पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। धनतेरस के साथ ही आज से पांच दिनों तक चलने वाला दीपावली का पर्व शुरू हो गया है। आज के दिन धन वृद्धि के लिए कुबेर और स्वस्थ रहने के लिए आयुर्वेद के देवता धनवंतरि की पूजा की जाती है। धनतेरस का पर्व कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के दिन मनाया जाता है। आज प्रदेशभर के बाजारों में खासी रौनक देखी जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धनतेरस के अवसर पर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

<u>जिले की चिट्ठी</u>

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''राजनांदगांव'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

<><><><><>